दिनांक 20.06.2024 को श्रीमती गरिमा सिंह (भा.प्र.से.) उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति :- यथा पंजीनुसार

सर्वप्रथम उपायुक्त, लातेहार के द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार की बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बैठक में PPT के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

- स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यकता आधारित सामग्री/योजनाओं की सूची तैयार कर असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार को अविलंब उपलब्ध कराने हेतु उपायुक्त, लातेहार द्वारा निदेशित किया गया। साथ ही जिन चिकित्सकीय उपकरणों व अन्य सोलर उपकरणों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

  (अनुपालन : असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार)

- डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत स्वीकृत जिन योजनाओं में भूमि संबंधी समस्या हो तो उन योजनाओं को संबंधित अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि संबंधी समस्या का निराकरण कराने हेतु निदेशित किया गया।

  (अनुपालन : सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला/ सभी संबंधित अंचल अधिकारी, लातेहार जिला)

- समीक्षा बैठक के क्रम में डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्रियान्वित योजनाओं का कार्यकारी एजेंसीवार समीक्षा किया गया। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :-

Financial Year:- 2023-24			
कार्यकारी एजेंसी एजेन्सी	**कुल ली गयी योजना**	**कार्य की स्थिति**	
		पूर्ण	**कार्य प्रगति पर**
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार।	61	20	41
जिला अभियंता, लातेहार।	18	15	03
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।	31	11	20
कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी., लातेहार।	20	10	10

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।	6	0	6
जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।	1	1	0
जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार।	1	0	1
जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार।	1	0	1
जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।	6	0	6
जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार।	7	1	6
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार।	5	5	0
कुल :-	**157**	**63**	**94**

सभी कार्यकारी एजेंसी को निदेशित किया गया कि जिन योजनाओं में पूर्ण भुगतान हो गया है और वैसी योजनाएं जो भौतिक रूप से पूर्ण है अलग-अलग कॉलम में योजनाओं की संख्या दिखाना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन : सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

- समीक्षा बैठक के क्रम में डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत क्रियान्वित की जाने वाली सभी प्रखण्डों के विभिन्न विद्यालयों में छात्र/छात्राओं हेतु बेंच-डेस्क, कुर्सी-टेबल एवं अलमीरा का आपूर्ति करने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी परन्तु अब तक सामग्री की आपूर्ति नहीं किया गया है। जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार को उपरोक्त सामग्री का आपूर्ति कराते हुए अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार)

- समीक्षा बैठक के क्रम में डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत क्रियान्वित की जाने वाली सभी प्रखण्डों में पर्यटन स्थलों में टूरिस्ट यात्रियों का भ्रमण कराने हेतु E-Vehicle का क्रय चार्जर सहित तथा सभी प्रखण्ड एवं नेतरहाट अन्तर्गत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का अधिष्ठापन हेतु जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार को टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन : जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, लातेहार)

- समीक्षा बैठक के क्रम में डी0एम0एफ0टी0 अन्तर्गत स्वीकृत किये जाने वाले योजनाओं में भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलंब के कारण डी0एम0एफ0टी0 की अगली मासिक समीक्षा बैठक में सभी अंचल अधिकारी को Online जुड़ने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार/सभी अंचल अधिकारी, लातेहार जिला)

➢ समीक्षा बैठक के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजनाएं जिनमें अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है अथवा डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के अन्तर्गत स्वीकृत वैसी योजनाएं जिसका टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। अगली मासिक समीक्षा बैठक के पूर्व तक सभी योजनाओं में कार्य प्रारंभ कराते हुए अविलंब पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन : सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला)

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

ज्ञापांक....504..../डी0एम0एफ0टी0, दिनांक ..28../..06../2024

प्रतिलिपि :- सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सभी संबंधित पदाधिकारी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।